# International yoga day






# "Har ghar yoga"

# INTERNATIONAL YOGA DAY [21st June 2020]

NSS Unit of GVM Girls college celebrated International Yoga Day with the theme "HAR GHAR YOGA" On account of Outbreak of COVID-19 as mass gathering is not advised to celebrate this event. So it was suggested that all the volunteers should Celebrate it by staying at Home & doing yoga and also encourage other people to join them.

"HAR GHAR YOGA CAMPAINGN" was run by NSS Unit Success-fully on this Day.



Tree Plantation activity on Independence Day



" ATAM NIRBHAR BHARAT "

# 74th Independence Day Celebration

August 15, 2020

Independence Day was celebrated by NSS Unit of G.V.M girls College. On this event like Tree plantation, Essay writing Competition, Patriotic singing Competitions was Organised online Considering the theme of "ATAM NIRBHAR BHARAT"

# जी.वी.एम. की एन.एस.एस. की छात्राओं ने दिया क्लीन एंड ग्रीन दीवाली मनाने का संदेश

## आतिशबाजी से दूर रहें, पर्यावरण संरक्षण को दें मजबूती: डा. ज्योति जुनेजा

सोनीपत, 12 नवम्बर (न्यूरो): बढ़ते प्रदूषण से होने वाली समस्याओं को देखते हुए जी.वी.एम. गर्ल्ज कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) की छात्राओं ने क्लीन एंड ग्रीन दीवाली मनाने का संदेश दिया है।

छात्राओं ने पोस्टर बनाकर आतिशबाजी का प्रयोग न करने का संकल्प लिया। साथ ही उन्होंने लोगों को भी आह्वान किया कि वे भी आतिशबाजी न चलाएं। छात्राओं ने आर्गेनिक रंगोली भी सजाई जिसके माध्यम से उन्होंने हरित दीवाली मनाने के लिए लोगों से अपील की।

जी.वी.एम. की आचार्या डा. ज्योति जुनेजा ने बताया कि छात्राओं ने समय की जरूरत को गंभीरता से पहचाना है। आम जनमानस को भी पर्यावरण प्रदूषण की बढ़ती समस्या को पहचानने की आवश्यकता है। साथ ही एकजुट होकर प्रदूषण पर लगाम लगाने की भी जरूरत है। हर व्यक्ति को अपने स्तर पर प्रदूषण दूर करने के लिए प्रयास करने चाहिएं। इस मौके पर कालेज की एन.एस.एस. इकाई की प्रभारी डा. अनीता राणा ने बताया कि स्वयंसेविकाओं ने अपने परिजनों व मित्रों आदि सगे-संबंधियों को भी क्लीन एंड ग्रीन दीवाली मनाने के लिए प्रोत्साहित किया है। स्वयंसेविकाओं ने दीवाली के मौके पर एक दूसरे को तोहफे के रूप में पौधे भेंट करने का संदेश दिया है।





# एनएसएस की छात्राओं ने दिया क्लिन एंड ग्रीन दिवाली मनाने का संदेश

- आतिशबाजी से दूर रहें, पर्यावरण संरक्षण को दें मजबूती : डा. ज्योति जुनेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

बढ़ते प्रदूषण से होने वाली समस्याओं को देखते हुए जीवीएम गर्ल्ज कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की छात्राओं ने क्लिन एंड ग्रीन दिवाली मनाने का संदेश दिया है।

छात्राओं की इस पहल की प्रशंसा करते हुए संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी और प्राचार्या डा. ज्योति जुनेजा ने कहा कि इसकी शुरूआत वे स्वयं से करेंगे। जीवीएम की एनएसएस की छात्राओं ने स्वच्छ और हरित दीपावली मनाने के लिए लोगों को जागरूक करने का सफल प्रयास किया है। छात्राओं ने पोस्टर बनाकर आतिशबाजी का प्रयोग न करने का संकल्प लिया।



सोनीपत। जीवीएम की छात्रा पटाखे न जलाने का संदेश देते हुए।

साथ ही उन्होंने लोगों भी प्रोत्साहित किया कि वे भी आतिशबाजी न चलायें। इसी प्रकार छात्राओं ने मिट्टी के सुंदर दीये बनाते हुए इनके प्रयोग के लिए भी लोगों का आह्वान किया।

छात्राओं ने आर्गेनिक रंगोली भी सजाई, जिसके माध्यम से उन्होंने हरित दीपावली मनाने के लिए लोगों से अपील की। जीवीएम की प्राचार्या डा. ज्योति जुनेजा ने कहा कि छात्राओं ने समय की जरूरत को गंभीरता से पहचाना है। इसके लिए वे बधाई की पात्र हैं। आम जनमानस को भी पर्यावरण प्रदूषण की बढ़ती समस्या को पहचानने की आवश्यकता है। इस मौके पर कालेज की एनएसएस इकाई की प्रभारी डा. अनीता राणा ने बताया कि स्वयंसेविकाओं ने अपने परिजनों व मित्रों आदि सगे संबंधियों को भी क्लिन एंड ग्रीन दिवाली मनाने के लिए प्रोत्साहित किया है।

# Diwali Celebration [Nov 16, 2020]

A Message to celebrate Clean and Green Diwali was given by NSS Volunteers of GVMGC

* We can go green by gifting a sapling or a plant to your near and dear ones.

Avoid using electric lights to illuminate your home Instead opt for diyas and candles limit usage of fire crackers and select Eco-friendly decorating items - These messages were spread by our volunteers.


GIRLS COLLEGE


G.V.M. GIRLS COLLEGE
SONEPAT
N.S.S. UNIT

# Republic Day Celebration

26th Jan, 2021

72nd Republic Day was celebrated by hoisting flag in college Campus. The Coronavirus pandemic has pushed the usual Grand Republic Day go low-key this year. So things were little different and was attended by few people.

A short programme was organised in which volunteers participated in Patriotic singing and Speech

Seven Day Camp [1-7 Feb, 2021]

# सात दिवसीय जागरूकता शिविर का शुभारंभ



सोमवार को गांव उद्देशीपुर में जागरूकता रैली निकालतीं छात्राएं • जागरण D-5

सं. ओढां : जीजीएम गर्ल्स कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के सात दिवसीय जागरूकता शिविर का आगाज सोमवार को गांव उद्देशीपुर में हुआ। शिविर के पहले दिन छात्राओं ने सामाजिक मुद्दों को लेकर गांव में जागरूकता रैली निकाली। शिविर का नेतृत्व एनएसएस प्रभारी अनीता राणा व रेडक्रास इकाई की प्रभारी रेणु पीपली ने किया।

रैली के माध्यम से छात्राओं ने ग्रामीणों को कन्या भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा और अन्य सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने के लिए जागरूक किया। छात्राओं ने ग्रामीणों को एकजुटता के साथ सामाजिक बुराइयों को दूर करने में योगदान देने के लिए भी प्रोत्साहित किया। साथ ही छात्राओं ने गांव का भी भ्रमण करते हुए ग्रामीण रहन-सहन को नजदीक से जाना व समझा। इस मौके पर सरपंच सज्जन कुमार, पूर्व सरपंच राम सिंह, कप्तान सिंह, सतीश कुमार मौजूद रहे।

G.V.M Girls College [NSS Unit]

SEVEN DAYS CAMP

Was organised from

Ist feb to 7th feb 2021

in Village - UDESHIPUR

# 'एन.एस.एस. शिविर के पहले दिन स्वयंसेविकाओं ने निकाली जागरूकता रैली'

सोनीपत, 1 फरवरी (ब्यूरो): जी.वी.एम. गर्ल्स कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) इकाई के 7 दिवसीय जागरूकता शिविर का आगाज सोमवार को गांव उदेशीपुर में हुआ। शिविर के पहले दिन छात्राओं ने सामाजिक मुद्दों को लेकर गांव में जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान संस्था के प्रधान डा. ओ.पी. परूथी व प्राचार्या डा. ज्योति जुनेजा ने शिविर के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं।

जी.वी.एम. की एन.एस.एस. इकाई के जागरूकता शिविर में कालेज की इंडियन रैडक्रॉस सोसायटी की इकाई भी हिस्सा ले रही है। एन.एस.एस. प्रभारी अनीता राणा व रैडक्रॉस इकाई की प्रभारी रेणु पोपली के नेतृत्व में यह आयोजन किया जा रहा है, जिसमें दोनों इकाइयों की छात्राएं उत्साहपूर्वक भाग ले रही हैं। शिविर का शुभारंभ गांव के सरपंच सज्जन कुमार ने दीप प्रज्वलित करके किया। शिविर के पहले दिन की शुरुआत ईश-वंदना से की गई। भगवान की पूजा-अर्चना के बाद शिविर की रूपरेखा तैयार की गई।



जागरूकता रैली निकालती स्वयंसेविकाएं।

शिविर के शुभारंभ के उपरांत दोनों इकाइयों की छात्राओं ने गांव में जागरूकता रैली निकाली, जिसके माध्यम से छात्राओं ने ग्रामीणों को कन्या भ्रूण हत्या व दहेज प्रथा तथा अन्य सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने के लिए जागरूक किया। छात्राओं ने रैली के दौरान जोरदार नारे लगाते हुए ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया कि वे एकजुटता के साथ सामाजिक बुराइयों को दूर करने में योगदान दें। छात्राओं ने गांव का भी भ्रमण करते हुए ग्रामीण रहन-सहन को नजदीक से जाना व समझा।

इसके पहले एन.एस.एस. प्रभारी अनीता राणा व रैडक्रॉस इकाई की प्रभारी रेणु पोपली ने छात्राओं को संबोधित करते हुए स्वयंसेविका के कर्तव्य का बोध करवाया। इस अवसर पर गांव के पूर्व सरपंच राम सिंह, मुख्य सेवी कप्तान सिंह, सतीश कुमार आदि मौजूद थे। शिविरार्थी छात्राओं ने इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी।




# FIRST DAY OF THE CAMP

$I^{st}$ feb, 2021

Seven days NSS camp was started on $I^{st}$ feb, 2021. Camp was In-augrated by Sarpanch Mr Sajjan Kumar and Ex-Sarpanch Mr Ram Singh. Then a welcome song was sung by our Volunteers to welcome them. A Rally was Organised on the Main theme of the Camp i.e. "Corona : Ek Abhishap". During this Rally people of the Village Udeshipur were made aware of the Precautions that they have

Rally



First Aid Training



to take and also made aware about the Vaccination of COVID-19. Getting Vaccinated is a Safer way to help build protection against COVID-19.

First Aid and Home Nursing training was given to all the volunteers by Mr Sanjay Sharma He is an experienced first Aid Trainer.

All the Volunteers Maintained a safe distance and wore a mask during the camp.

Poster Making Competition



Door-to-Door Campaign



# Second Day Of The Camp

2nd feb, 2021

On Second of the Camp a poster making Competition was Organised with Theme of Corona and Blood Donation. All the Volunteers actively participated in this competition. Also a Door-to-Door Campaign was conducted by the Volunteers to help the villagers to download "Aarogya Setu App" in their Mobile Phones. Benefits of wearing Masks, Hand wash and Sanitizers was also told to

First_Aid_Training




Speech_by Guests



them with the help of Slogans like – "Mask nhi to toghge, Corona Ko Rokhege". "Muh Dho - Hath Dho" "ओ कोरोना अब मत आना", "लड़ेंगे लड़ाई कोरोना से".

Also first Aid Home Nursing Course was continued and many teps were given to the volunteers about how to save a person when some Mishappe-ning occur.

At the end of the Day a Speech was Given by Captain of village & Sarpanch of the village on COVID-19.

First Aid Training

# 'जी.वी.एम. की शिविरार्थियों को दिया प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण'

सोनीपत, 3 फरवरी (न्यूज): जी.वी.एम. गर्ल्स कालेज की एन.एस.एस. तथा इंडियन रैडक्रॉस इकाई के संयुक्त 7 दिवसीय जागरूकता शिविर के तीसरे दिन बुधवार को शिविरार्थियों के लिए आयोजित मेंहदी रचाओ प्रतियोगिता में एन.एस.एस. इकाई की तमन्ना तथा रैडक्रॉस इकाई की खुशबू ने प्रथम स्थान हासिल किया। संस्था के प्रधान डा. ओ.पी. परूथी व प्राचार्या डा. ज्योति जुनेजा ने विजेताओं को बधाई देते हुए शिविर के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं।



छात्राओं को प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण देते संजय शर्मा। (छाया)

जी.वी.एम. की एन.एस.एस. इकाई की प्रभारी अनीता राणा व रैडक्रॉस इकाई की प्रभारी रेणु पोपली के नेतृत्व में उदेशीपुर गांव में जारी शिविर का तीसरा दिन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस दौरान प्रतिभागी छात्राओं के लिए मेंहदी रचाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें छात्राओं के साथ ग्रामीण महिलाओं ने भी उत्साह के साथ हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के अंतर्गत एन.एस.एस. इकाई में तमन्ना ने प्रथम व खुशी ने द्वितीय तथा श्वेता ने तृतीय और रैडक्रॉस इकाई के तहत खुशबू ने प्रथम व सोनू ने द्वितीय और ईशु ने तृतीय स्थान हासिल किया।

इससे पहले शिविर की शुरूआत ईश-वंदना से की गई। शिविर के पहले चरण में संगोष्ठी आयोजित की गई जिसमें छात्राओं को प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण दिया गया। प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षक संजय शर्मा ने छात्राओं को प्राथमिक चिकित्सा के महत्व से अवगत करवाते हुए प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बेहोश व्यक्ति को होश में लाने के प्रशिक्षण के साथ घायल को व्यक्ति को रिकवरी पोजीशन में लाने का प्रशिक्षण दिया। इस मौके पर प्राध्यापिका महिमा हुड्डा, मीना कलाल व विशेष रूप से कविता जी उपस्थित रहीं।

Mehendi Competition

# मेंहदी रचाओ प्रतियोगिता में तमन्ना और खुशबू रही अव्वल



सोनीपत | जीवीएम कन्या कॉलेज की एनएसएस तथा इंडियन रेडक्रॉस इकाई के संयुक्त सात दिवसीय जागरूकता शिविर के तीसरे दिन बुधवार को शिविरार्थियों के लिए आयोजित मेंहदी रचाओ प्रतियोगिता में एनएसएस इकाई की तमन्ना तथा रेडक्रॉस इकाई की खुशबू ने प्रथम स्थान हासिल किया। जीवीएम की एनएसएस इकाई की प्रभारी अनीता राणा व रेडक्रॉस इकाई की प्रभारी रेणु पोपली के नेतृत्व में उदेशीपुर गांव में जारी शिविर का तीसरे दिन मेंहदी रचाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्राओं व ग्रामीण महिलाओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के अंतर्गत एनएसएस इकाई में तमन्ना ने प्रथम व खुशी ने द्वितीय तथा श्वेता ने तृतीय और रेडक्रॉस इकाई के तहत खुशबू ने प्रथम व सोनू ने द्वितीय और ईशु ने तृतीय स्थान हासिल किया।

D.B

# Third Day of the Camp

03rd Feb, 2021

During third day of the Camp Mehendi Competition was organised. Also Door to Door Campaign was continued to help the people of Udeshipur Village to download "Aarogya Setu App" in their Mobile Phones. They were told about the benefits of downloading this App.
First Aid training was also Continued

## उदेशीपुर में पहुंची एनसीडी टीम, नोडल अधिकारी ने कहा देश में हर साल कैंसर से 8 हजार लोग द

भास्कर न्यूज | सोनीपत

विश्व कैंसर दिवस पर गुरुवार को उदेशीपुर में स्वास्थ्य विभाग, सोनीपत कॉलेज की एनएसएस टीम, यूथ रेडक्रॉस सोसायटी व कैंसर इंडिया फाउंडेशन ऑफ इंडिया की तरफ से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। एनसीडी इंचार्ज डॉक्टर तरुण यादव ने कहा कि 75 से 80 प्रतिशत लोगों को समय पर कैंसर का पता नहीं चलता। इन्हें कैंसर का तीसरी व चौथी स्टेज में जाकर पता चलता है। तब तक काफी देर हो चुकी होती है। ऐसे में लोगों को शरीर में बदलाव, कोई गांठ दिखाई दे तो तुरंत जांच करवानी चाहिए। प्रथम व दूसरी स्टेज में कैंसर का पता चलने पर जान व इलाज पर खर्च होने वाला पैसा बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा हाल में पुरुषों के अंदर फेफड़ों व मुंह का कैंसर व महिलाओं में स्तन व गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर ज्यादा रूप से हो रहा है।

सिविल सर्जन ने कार्यक्रम में पहुंची महिलाओं व पुरुषों को बताया कि कैंसर से बचाव के लिए लोगों को जागरूक होना बेहद जरूरी है। देश में हर साल आठ लाख लोग कैंसर से दम तोड़ देते हैं। सोनीपत में करीब 450 कैंसर के मरीज हैं। इनमें ज्यादातर मुंह व स्तन कैंसर के रोगी हैं। कैंसर से बचना है तो तम्बाकू का सेवन छोड़ना होगा। इसके साथ जीवन शैली बदलनी होगी। उन्होंने कहा कि हाल में काफी लोग कम शारीरिक परिश्रम कर रहे हैं और शराब व अन्य नशे का सेवन करते हैं। ऐसे में कैंसर होने का खतरा बढ़ जाता है।

**ऑक्सफोर्ड व सरस्वती स्कूल में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित** -एनसीडी डॉक्टर गीता पाहिया ने विश्व कैंसर दिवस पर ऑक्सफोर्ड व सरस्वती स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम किया। यहां उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि तंबाकू का सेवन करने से कैंसर ही नहीं टीबी होने का भी खतरा रहता है। ऐसे में बीड़ी व सिगरेट का सेवन नहीं करना चाहिए। विद्यार्थियों को इस बारे में जागरूकता अभियान हर जगह चलाना चाहिए। सबसे पहले अपने घर से शुरुआत करनी होगी। यदि घर का कोई सदस्य तंबाकू का सेवन कर रहा है तो उसे इससे होने वाले नुकसान के बारे बताना होगा। इसके बाद मोहल्ले में व रिश्तेदारों में इस बुराई के प्रति जागरूकता फैलानी होगी।



सोनीपत. विश्व कैंसर दिवस पर छात्रों को जागरूक करते सिविल सर्जन।

## कैंसर अब लाइलाज बीमारी नहीं, उप

### कैंसर के प्रति जागरूक बनने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों

भास्कर न्यूज | सोनीपत

विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। जिसमें जागरूकता का संदेश दिया गया। सोनीपत के कार्यक्रम में आयोजित सिविल अस्पताल के सीएमओ डॉ. जेपी पूनिया ने कहा कि कैंसर अब लाइलाज बीमारी नहीं है। कैंसर का उपचार संभव है।

शुरुआती चरण में शरीर में कोई भी बदलाव, दर्द अथवा बीमारी का आभास होते ही चिकित्सक को दिखाना चाहिए। सीएमओ डॉ. पूनिया वीरवार को उदेशीपुर गांव में आयोजित एनएसएस व इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के संयुक्त सात दिवसीय जागरूकता शिविर में जानकारी दी। इस मौके पर डिप्टी सीएमओ डॉ. तरुण यादव व डॉ. रजनीश और डॉ. सृष्टि ने भी कैंसर के विभिन्न रूपों की जानकारी देते हुए बचाव की जानकारी दी।

Dr Punia & Dr Tarun Yadav



# Fourth Day of the Camp

04th Feb 2021

As 4th Feb is Observed as "WORLD CANCER DAY". So NSS Unit in--vited CMO Dr J.S. Punia and Dr Tarun Yadav to the Camp. Dr Punia Shared his views about & symptoms of Cancer and how can we protect ourselves from this disease. He also told the villagers & our Volunteers about COVID-19 Vaccination. B.P. and Sugar level was also tested of many the villagers.

Mr Bhim Singh [DTC]




Art & Craft



Practical Training



# FIFTH DAY OF THE CAMP

On fifth Day we invited Mr Bhim Singh (District Training Commissioner) Red Cross. He shared his views on many topics like Corona, Safety measures, first-Aid. He gave many tasks to the volunteers to perform so that they can get practical knowledge about how to help people when they are in need.
Art and Craft Competition was also done.

Nukkad Natak [Corona- Ek Abhishap]



First Aid Training



# Sixth Day of the Camp

During sixth of day of NSS Camp Nukkad Natak was performed by our Volunteers on theme "Corona - Ek Abhishap".

First Aid & Home Nursing training was continued.


People of the village were made aware of how to be safe when you are not at home & Benefits of Aarogya Setu app were also told.

Yoga and meditation was also done

# देविका बनीं सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेविका

- जीवीएम की एनएसएस व रेडक्रॉस इकाई का संयुक्त सात दिवसीय शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत



सोनीपत। शिविर के दौरान विभिन्न पुरस्कार से नवाजी गई छात्राओं के साथ प्राचार्या एवं कॉलेज स्टाफ।

जीवीएम गर्ल्स कालेज की बीकॉम (ऑनर्स) द्वितीय वर्ष की छात्रा देविका को सात दिवसीय जागरूकता शिविर के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेविका के खिताब से सुशोभित किया गया। संस्था के प्रधान डा. ओपी परमार व प्राचार्या डा. ज्योति जुनेजा ने शिविर के सफलतापूर्वक समापन पर बधाई दी। जीवीएम की एनएसएस तथा इंडियन रेडक्रॉस इकाई का सात दिवसीय जागरूकता शिविर उदेशीपुर गांव में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर के समापन समारोह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिता की विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में सृष्टि को विजेता तथा श्वेता को उप-विजेता के पुरस्कार से नवाजा गया। समारोह में गांव के सरपंच सज्जन सिंह को भी बेहतरीन सहयोग के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। एनएसएस की प्रभारी अनीता राणा व रेडक्रॉस इकाई की प्रभारी रेनू पोपली ने छात्राओं व ग्रामीणों को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया। मौके पर सहयोगी प्राध्यापिका महिमा हुड्डा, कीर्ति, कविता सैनी, भीम सिंह तथा गांव के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

First Aid Training



# Seventh Day of the Camp

On last day of the camp we Selected our best volunteer & also gave honour to the Sarpanch & other villagers who were helpful during the camp & made it Successful.

Door-to-Door Campaign and first Aid training was continued.

Whole Report of the camp was read out in front of all the volunteers & others




NSS




TEAM


सात दिवसीय NSS कैम्प


सात दिवसीय NSS कैम्प


सात दिवसीय NSS कैम्प



Dental Check-up Camp

[1st feb 2021]

## छात्राओं सहित 90 ने करवाई दंत जांच



सोनीपत। जीवीएम कन्या कालेज आयोजित निःशुल्क दंत जांच शिविर में छात्राओं सहित 90 लोगों ने अपने दांतों की जांच करवाई। इस सफल आयोजन पर संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. ज्योति जुनेजा ने बधाई दी। जीवीएम की यूनिवर्सिटी आउटरीच टीम के तत्वावधान में एनएसएस इकाई के विशेष सहयोग से दंत जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर की प्रमुख संयोजक रुचिका विरमानी ने बताया कि शिविर में कालेज की छात्राओं सहित स्टाफ सदस्यों ने भी अपने दांतों की जांच करवाई। साथ ही फाजिलपुर के ग्रामीणों व विद्यार्थियों को भी आमंत्रित किया गया था, जिसमें कुछ लोगों ने शिविर का लाभ उठाया। शिविर में संत गुरु चरणदास चैरिटेबल अस्पताल की दंत चिकित्सक डा. सुधा कौशल ने सेवाएं देते हुए छात्राओं व अन्य लोगों के दांतों की जांच की।

[Dr Sudha Kaushal from Guru Charan-das Charitable Hospital visited for this camp]

## निःशुल्क दंत जांच शिविर में 90 ने दांतों की करवाई जांच

सोनीपत | जीवीएम कन्या कालेज आयोजित निःशुल्क दंत जांच शिविर में छात्राओं सहित 90 लोगों ने अपने दांतों की जांच करवाई। जीवीएम की यूनिवर्सिटी आउटरीच टीम के तत्वावधान में एनएसएस इकाई के विशेष सहयोग से दंत जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर की प्रमुख संयोजक रुचिका विरमानी ने बताया कि शिविर में कालेज की छात्राओं सहित स्टाफ सदस्यों ने भी अपने दांतों की जांच करवाई। शिविर में संत गुरु चरणदास चैरिटेबल अस्पताल की दंत चिकित्सक डॉ. सुधा कौशल ने सेवाएं देते हुए छात्राओं व अन्य लोगों के दांतों की जांच करते हुए उचित परामर्श दिया।

# Dental Camp [Ist feb 2021]

A dental check-up camp has been organised by N.S.S. Unit & University Outreach team on Ist feb 2021. Many students actively participated in this event and get their Dental check up. College also invited some students and villagers from faridpur Village Approx. 90 people had their Dental check up. Dr Sudha Kaushal from Guru Charandas Charitable Hospital gave her valuable service in this camp.

# INDEPENDENCE DAY CELEBRATION

[15th August, 2021]

"AMRIT MAHOTSAV"








# Independence Day [15 Aug. 2021]

## AMRIT MAHOTSAV

On 15th August 2021, Amrit Mahotsav. 75th Independence Day was celebrated by NSS Unit of GVMGC. "flag Hosting" ceremony was done and "National Anthem" was sung by everyone present there. One day camp was organised & all the volunteers activily participated. Speech, Patriotic songs & Dance was performed. A Speech was given by Mr Ravi Gandhi Sir & Principal mam Dr Renu Bhatia & shared views on how our freedom fighters gave their lives to save our country. NSS incharge Dr Anita Rana, YRC incharge Renu Popli & other teachers were also present in this programme.

Poshan Maah [1st sep - 30th sep]

# कालेज की छात्राओं ने दिया पोषक आहार का संदेश

अमर उजाला ब्यूरो सोनीपत

पोषण माह अभियान के अंतर्गत जीवीएम गर्ल्स कालेज की छात्राओं ने जागरूकता रैली निकालकर महिलाओं को पोषक आहार लेने का संदेश दिया। इस कार्यक्रम आयोजन पर संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. रेनू भाटिया ने बधाई दी। वहीं, बेटियों व गर्भवती महिलाओं को पोषक खान-पान लेने के लिए प्रोत्साहित किया।



पोषण माह अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली निकालकर महिलाओं को पोषक आहार लेने का संदेश देती छात्राएं • अमर उजाला

इस दौरान गर्भवती महिलाओं के लिए पोषक आहार विषय पर छात्राओं के लिए नारा लेखन स्पर्धा का आयोजन भी किया गया, जिसमें छात्राओं ने विषय के अनुरूप ही प्रेरक नारे लिखे। इस स्पर्धा में बीकाम द्वितीय वर्ष की छात्रा वैशाली ने प्रथम तथा बीकाम आनर्स तृतीय वर्ष की छात्रा निकिता व कनिका ने संयुक्त रूप से द्वितीय और बीकाम आनर्स द्वितीय वर्ष की छात्रा दीपिका ने तृतीय स्थान हासिल किया।

जागरूकता रैली की संयोजक अनीता राणा ने बताया कि सुपोषित भारत के अंतर्गत पोषण माह आयोजित किया जा रहा है, जिसके प्रथम सप्ताह में रैली आयोजित की गई। रैली में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेते हुए जागरूकता की अलख जगाई। कालेज से प्रारंभ हुई रैली नगर के प्रमुख मार्गों व चौकों से गुजरी।

रैली में शामिल छात्राओं ने पोषण माह के साथ पोषक आहार की जानकारी दी। कालेज की प्राचार्या डा. रेनू भाटिया ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। डा. रेनू ने कहा कि हर आयु वर्ग में पोषक आहार का विशेष महत्व होता है। विशेष रूप से बेटियों को पोषक खाना देना चाहिए। गर्भावस्था के दौरान पोषक आहार का महत्व और अधिक बढ़ जाता है।






# Poshan Maah

Poshan Abhiyaan is a Multi-ministerial convergence mission aimed at realising vision of "Suposhit Bharat". During first week of Poshan Maah (1-7 Sep) A Rally was conducted to spread awareness about Health & Nutrition. Also Slogan writing competition was organised on topic "Nutritive food for Pregant Women". In this competition Ist prize goes to Vaishali Bcom (Hons) IInd was Nimisha & Vanshika from Bcom & IIIrd was Devika & Parveen from Bcom (Hons) IIIrd yer

Poshan Maah

[8th sep 2021]



Door to Door Awareness Campaign

# Poshan Maah [8th sep 2021]

& While Celebrating Rashtriya Poshan maah in the month of September, NSS Unit of GVMGC has conducted a Door to Door Awareness programme to spread awareness regarding the benefits of having Nutritive food & how we can overcome the problem of Animia, Jaundice, ~~Unhea~~ Sickness etc. Many girls participated in this Activity.

Poshan Maah







## Poshan Maah [9th - 14th September]

In second week of September Yoga & AYUSH for Nutrition (yoga session targeting adolescent girls) was performed to achieve the target of Malnutrition free India. Approx. 70 Girls participated in this event. Also Plantation activity was performed.

Rashtriya Poshan Maah is celebrated in this month to spread month long celebration of Poshan.

DATE → 30th Sep 2021






Date - 30 Sep ...

EVENT NAME — Workshop on Nutritious food items & Balanced Diet

NSS Unit of GVMGC and University Outreach team organised a workshop on Nutritious food items & Balanced Diet in Village Fazilpur on 30th Sep.

Resource Person → Dr Divya Saxena with her team of other doctors Dr Abhimanyu, Dr Nitin, Dr Anchal visited Fazilpur and shared her valuable thoughts with the people available in this camp (Workshop). Dr Divya and Dr Garima (dietician) ~~told~~ shared the benefits of having


SAXENA


SAXENA

Balanced diet and the amount of Carbohydrates, protein, Calcium etc that we should Consume. Junk food should be avoided She added. The team of Doctors also organised a Health Check up Camp in which they checked - Sugar, B/P, ECG etc of those who were interested. After the Checkup some Health problem solutions were also provided to them. Teachers - Dr Anita Rana & Ms Vandana were presents in this workshop.

Date - 2nd Oct 2021






DATE → 2nd October 2021

Event → Gandhi Jayanti Celebration

Gandhi Jayanti was celebrated on 2nd Oct 2021 by NSS Unit of GVM Girls college. A Poster making competition was organised and a Rally was conducted on this event. A message of how to make our environment clean was also spread. In the competition first Position Holders were - Vanshika and Annu and the second position Holders were — Nimisha & Mehak. In the Rally, message Importance of Red, Blue and green dustbin and its use was spread.

Date - 03-12-2021





Date - 03-12-2021

Event → Seminar on Awareness regarding cervical cancer

NSS Unit of GVMGC organised a "Seminar on awareness regarding cervical cancer". A team of experts were invited from Saxena multi-speciality Hospital. Dr Alpna Bhatia told about treatment of anemia among adolescent girls. Dr Silky Gera talked about cervical cancer screening & How to detect it & what are the symptoms of cancer. She also told about HPV Vaccination which prevents 90% Cervical cancer.